भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या *120**
उत्तर देने की तारीख 28.07.2025

**राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन**

*120. **श्री विष्णु दत्त शर्मा :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश भर में विशेषकर मध्य प्रदेश में पुस्तकालय सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन कार्यान्वित कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने खजुराहो लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के कटनी और पन्ना जिलों तथा खजुराहो शहर में पुस्तकालयों का उन्नयन किया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा देश में पुस्तकालय अवसंरचना और सेवाओं में सुधार के लिए क्या उपाए किए गए हैं?

**उत्तर**

**संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री**
**(गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**'राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन' के संबंध में दिनांक 28 जुलाई, 2025 को माननीय संसद सदस्य श्री विष्णु दत्त शर्मा द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *120 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 की सातवीं अनुसूची के अनुसार 'पुस्तकालय' राज्य विषय के अंतर्गत आता है और सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य या संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरण के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करते हैं। इस क्षेत्र में सहायता हेतु संस्कृति मंत्रालय राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम क्रियान्वित करता है, जिसके अंतर्गत "एनएमएल मॉडल पुस्तकालय के अंतर्गत मौजूदा पुस्तकालयों का स्तरोन्नयन" घटक के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय द्वारा पहचान किए गए छह पुस्तकालयों के अतिरिक्त, संबंधित राज्य प्राधिकरणों की अनुशंसा के आधार पर और राज्य निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक राज्य केंद्रीय पुस्तकालय और एक जिला पुस्तकालय को सहायता प्रदान की जाती है। यह घटक चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है: अवसंरचना में सुधार, प्रौद्योगिकी का स्तरोन्नयन और सेवाओं का आधुनिकीकरण, दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं का सृजन और समर्थन तथा आउटरीच कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पठन संसाधनों का प्रापण।

राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के दिशानिर्देशों के अनुसार, एक राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय और एक जिला पुस्तकालय प्रति राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के स्तरोन्नयन के लिए वित्तीय सहायता अनुमत है। तदनुसार, मध्य प्रदेश सरकार ने राजकीय जिला पुस्तकालय, खंडवा और राजकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय, इंदौर के स्तरोन्नयन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे। दोनों प्रस्तावों को एनएमएल के मानदंडों के अनुसार पात्र पाया गया और उनके स्तरोन्नयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

संस्वीकृत पुस्तकालयों को प्रदान की जाने वाली सहायता का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | पुस्तकालय का नाम | संस्वीकृति वर्ष | संस्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी की गई राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय जिला पुस्तकालय, खंडवा | 2016-17 | 73.20 | 65.59 |
| 2. | राजकीय श्री अहिल्या केन्द्रीय पुस्तकालय, इंदौर | 2017-18 | 87.00 | 43.67 |

(ग): लागू नहीं।

****